हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि

5

जबलपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

login : www.haribhoomi.com

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## 90% प्रतिशत दुकानें चल रही बिना लाइसेंस के, नकली बीजों से किसानों की कमर टूटी

# प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा जिले का उद्यानिकी विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा, मनीष गड़करी



छिंदवाड़ा जिले में उद्यानिकी विभाग की कार्यप्रणाली इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। पूरे जिले में विभाग स्थायी अधिकारियों के अभाव में प्रभारी व्यवस्था के भरोसे चल रहा है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जिले भर में उद्यानिकी से जुड़े बीज, पौधे और कृषि आदान बेचने वाली सैकड़ों दुकानें बिना वैध लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं, लेकिन विभाग की ओर से न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही कोई ठोस कार्रवाई।

उद्यानिकी विभाग के माध्यम से शासन किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं चला रहा है। सब्जी उत्पादन, फलोद्यान विकास, उन्नत किस्म के बीज और पौधों के वितरण पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है।



किसान जिन बीजों और पौधों पर भरोसा कर खेती कर रहे हैं, वही बीज कई बार खराब या अमानक निकल रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध कई बीज दुकानों पर न तो बीज की गुणवत्ता की जांच होती है और न ही उनकी वैधता सुनिश्चित की जाती है। बिना लाइसेंस संचालित दुकानदार मनमाने ढंग से बीज बेच रहे हैं।

जब फसल खराब होती है या बीज अंकुरित नहीं होता, तो किसान न दुकान से जवाब पा पाते हैं और न ही उद्यानिकी विभाग से।किसानों का आरोप है कि शिकायत करने पर विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी लेने से बचते हैं। चूंकि विभाग लंबे समय से प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है, इसलिए निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है। न तो नियमित फील्ड विजिट हो रही है और न ही बीज विक्रेताओं का समय-समय पर सत्यापन किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि उद्यानिकी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में लापरवाही का सीधा असर किसानों की आय, उत्पादन और भरोसे पर पड़ता है। यदि बीज और पौध की गुणवत्ता सही नहीं होगी, तो शासन की योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगी। किसानों की मेहनत, लागत और समय all तीनों बर्बाद हो जाते हैं।

ग्रामीण इलाकों के कई किसानों ने बताया कि उन्होंने उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रोत्साहित फसलों के लिए महंगे बीज खरीदे, लेकिन उत्पादन उम्मीद के मुताबिक नहीं हुआ। जब इसकी शिकायत की गई, तो विभागीय स्तर पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इससे किसानों में गहरी नाराजगी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या शासन की “किसानों की आय दोगुनी” करने की मंशा केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है? जब तक जिले में उद्यानिकी विभाग को स्थायी अधिकारी, सख्त निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही नहीं मिलेगी, तब तक किसानों की समस्याएं यूं ही बनी रहेंगी। किसानों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि जिले में अवैध बीज दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, सभी विक्रेताओं का लाइसेंस सत्यापन हो और उद्यानिकी विभाग में स्थायी अ... ता... बहाल हो सके।

### प्रभारी व्यवस्था के भरोसे पूरा विभाग

उद्यानिकी विभाग वर्षों से प्रभारी व्यवस्था पर चल रहा है। सहायक संचालक उद्यानिकी स्वयं प्रभारी हैं। वहीं छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले को मिलाकर केवल दो नियमित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदस्थ हैं। इतने बड़े जिले में मात्र दो अधिकारियों के भरोसे पूरी उद्यानिकी व्यवस्था चलाना किसानों के साथ अन्याय से कम नहीं है।

### कागजों में योजनाएं, खेतों में तबाही

राज्य और केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के दावे कर रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी अधिकतर समय कागजी कार्रवाई में ही उलझे रहते हैं, जबकि बिना लाइसेंस की दुकानों में नकली और अमानक बीज धड़ल्ले से बिक रहे हैं।

### सब्जी उत्पादक जिले में बीजों की कोई जांच नहीं

छिंदवाड़ा जिले को मध्यप्रदेश के प्रमुख सब्जी उत्पादक जिलों में गिना जाता है। इसके बावजूद बीजों की गुणवत्ता जांचने, सैंपल लेने या किसानों को शुद्ध एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। नतीजा यह है कि किसान नकली बीजों के कारण बार-बार फसल नुकसान का शिकार हो रहे हैं।

### किसानों की जेब पर सीधा डाका

किसानों का आरोप है कि घटिया बीजों से उत्पादन गिरने के बाद उन्हें न तो विभागीय सहायता मिलती है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है। कई किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, लेकिन उद्यानिकी विभाग आंख मूंदे बैठा है।

### प्रशासन की चुप्पी, जवाबदेही शून्य

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस दुकानों का संचालन आखिर किसकी जानकारी और संरक्षण में हो रहा है? क्या विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव है? यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो उद्यानिकी विभाग की यह लापरवाही किसानों के भविष्य को पूरी तरह चौपट कर देगी।

### इनका कहना है

अभी हाल ही में हमने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के 50 लाइसेंस बनाए है। अगर किसी दुकान की शिकायत आती है तो हम लाइसेंस बनाएंगे। हमारे पास स्टाफ की कमी है। विभाग में छिंदवाड़ा और पांढुर्णा मिलाकर मात्र दो एसएसडीओ है, बाकी सभी प्रभारी है। इसलिए लाइसेंस बनाने का काम नहीं हो पा रहा है। अगर किसी तरह की कोई शिकायत आती है तो कार्यवाही करेंगे। नकली बीजों की जांच सेम्पल भेजने की व्यवस्था नहीं होने के कारण हम उद्यानिकी और सब्जी वर्गीय फसलों के सैम्पलों की जांच करने में समर्थ नहीं है। अगर कोई अधिकारी कर्मचारी इन दुकानों से वसूली करता है तो हमें शिकायत दीजिए। शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी।

**महिपतलाल उइके**, प्रभारी उपसंचालक उद्यानिकी विभाग छिंदवाड़ा



### लाइसेंस बनाने और रिन्युअल करने से विभाग को कोई सरोकार नहीं

प्रभारी उद्यानिकी अधिकारी को यह पता ही नहीं है कि लाइसेंस को तीन वर्ष में रिन्युअल कराया जाता है। लाइसेंस की महत्ता भी उन्हें नहीं पता है। इसलिए उनका कहना है कि अगर शिकायत आती है तो ही वे कार्यवाही करेंगे। यदि शिकायत नहीं आती है तो बिना लाइसेंस की दुकानें चलती रहेंगी। अगर उद्यानिकी या सब्जी वर्गीय फसलों के बीज खराब निकल भी जाए तो कोई विभागीय कार्यवाही होगी या नहीं होगी, यह कुछ भी तय नहीं है क्योंकि इस बात की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं है। जिला कलेक्टर कृषि कल्याण एवं किसानों को लेकर कई बैठकें लेते है और किसानों के कल्याण के लिए कृषि और उद्यानिकी विभाग के समन्वय से किसानों के कल्याण के लिए निर्देशित करते है परंतु जमीनी हकीकत यह है कि केवल अधिकारी केवल बैठकों में वाहवाही लूटना और जो कुछ गिनती के किसान है उन्हीं को हाईलाइट करते है। हकीकत यह है कि उद्यानिकी विभाग में सौ से भी कम दुकानों के लाइसेंस बने है। वो शिकायत के बाद लाइसेंस बनाने और उसको रिन्युअल करने से उद्यानिकी विभाग को कोई मतलब नहीं है।

## सेवानिवृत्ति पर हुआ गारवे, वरूडकर का सत्कार



**सौंसर।** शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना एक भावुक क्षण होता है, और जब विदाई गुरुजनों की हो, तो सम्मान का महत्व और बढ़ जाता है। ऐसा ही नजारा जायसवाल लॉन, सौंसर में देखने को मिला, जहाँ शिक्षा विभाग के दो समर्पित शिक्षकों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेगांव से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक दिलीप गार्वे एवं शासकीय माध्यमिक शाला मड़कासुर से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक श्री शंकर वरूडकर का सपत्नीक सत्कार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजा वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य हरीश मरकाम मंच पर विराजमान रहे। सत्कार दौरान हुए उद्बोधनों में वक्ताओं ने दोनों शिक्षकों के कार्यकाल की सराहना की। अनुभवी गुरुजनों के विचारों से ‘ज्ञान के मोती’ झरते रहे, जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रोतागण और साथी शिक्षक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द लाड़े द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य चरण में आयोजकों द्वारा दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, स्मृतिचिन्ह उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप अरविन्द बंसोड, प्रफुल्ल सिते, सुनिल बेलेकर, गोविन्द लाड़े, आदि का सहयोग रहा है।

## 7 को सौंसर में बौध्द युवक युवती परिचय सम्मेलन

**सौंसर।** रमाबाई आंबेडकर के जन्मदिवस के पावन अवसर पर आगामी शनिवार, 7 फरवरी को सौंसर में विशाल बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति एवं अन्य संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम नगर के अन्नाभाऊ साठे नगर पालिका मंगल भवन में संपन्न होगा।चार राज्यों से 346 प्रत्याशियों का पंजीयनइस सम्मेलन की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र,तेलंगाना जैसे चार राज्यों से कुल 346 युवक-युवतियों ने अपना जीवनसाथी चुनने के लिए पंजीयन कराया है। इस अवसर पर समिति द्वारा एक विशेष परिचय बुकलेट का विमोचन भी किया जाएगा, जो विवाह योग्य प्रत्याशियों के चयन में सहायक होगी। समिति के मार्गदर्शक मुरलीधर कामले, डॉ. अशोक भगत, लक्ष्मीदास बोरकर और डॉ. वाय. एल. ठवरे ने बताया कि संस्था पिछले 24 वर्षों से क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के कार्य कर रही है। समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े और उनकी टीम (मिलिंद बंसोड़, राजेश बागड़े, सिद्धार्थ सोमकुंवर, अरविंद बंसोड़) के अनुसार, 7 फरवरी को सुबह 11 बजे से बुद्ध-फुले-भीम आर्केस्ट्राः संगीत के माध्यम से वैचारिक प्रस्तुति, माता रमाबाई आंबेडकर के जीवन पर आधारित मंचन,भिक्खु संघ द्वारा आध्यात्मिक मार्गदर्शन,युवक-युवतियों का परिचय, समाजसेवियों का सम्मान मैत्री भोजन होंगा,इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रीमती सीमा गेडाम, विनायक नागदवने, एड. सरोज दुफारे, दर्पण गजभिये, अशोक बागड़े, विजय नागदवने, दिवाकर बागड़े, कैलाश गजभिए, सतीश बंसोड़, सुजीत दुफारे, लता नागदवने, आकाश गोरखेड़े, डॉ. राहुल वाहने, प्रदीप सोमकुंवर और बाबा रंगारे सहित पूरी टीम दिन-रात प्रयासरत है।

## दिलीप गारवे, शंकर वरूडकर का सम्मान समारोह का हुआ समापन

**सौंसर।** शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना एक भावुक क्षण होता है, और जब विदाई गुरुजनों की हो, तो सम्मान का महत्व और बढ़ जाता है। ऐसा ही नजारा जायसवाल लॉन, सौंसर में देखने को मिला, जहाँ शिक्षा विभाग के दो समर्पित शिक्षकों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेगांव से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक दिलीप गार्वे एवं शासकीय माध्यमिक शाला मड़कासुर से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक श्री शंकर वरूडकर का सपत्नीक सत्कार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजा वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य हरीश मरकाम मंच पर विराजमान रहे। सत्कार दौरान हुए उद्बोधनों में वक्ताओं ने दोनों शिक्षकों के कार्यकाल की सराहना की। अनुभवी गुरुजनों के विचारों से ‘ज्ञान के मोती’ झरते रहे, जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रोतागण और साथी शिक्षक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द लाड़े द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य चरण में आयोजकों द्वारा दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, स्मृतिचिन्ह उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप अरविन्द बंसोड, प्रफुल्ल सिते, सुनिल बेलेकर, गोविन्द लाड़े, आदि का सहयोग रहा है।

## दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे पारेधाट शाला में हुआ आयोजन

**पारडिसंगा।** जनपद शिक्षा केन्द्र सौंसर के अंतर्गत संकुल केन्द्र सावंगा की शासकीय प्राथमिक शाला पारेधाट में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।भौगोलिक रूप से अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बसे इस छोटे से ग्राम में शिक्षा की लौ और राष्ट्रीय पर्व का उत्साह देखते ही बनता था।मिली जांनकारी के अनुसार पारेधाट ग्राम पूरी तरह से जंगल, पहाड़ियों,कन्हान नदी से घिरा हुआ है, जहाँ पहुँचना आज भी एक बड़ी चुनौती है। महज 9 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या वाली इस शाला में, जहाँ अनुसूचित जाति और जनजाति के लगभग 35 परिवार निवास करते हैं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिलकर इस राष्ट्रीय पर्व को यादगार बना दिया।शाला के प्रभारी प्रधान पाठक मोरेश्वर भूते एवं शिक्षक सीताराम चौरे के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद बच्चों के आत्मविश्वास और कला ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता ग्रामीणों का सहयोग रही। ग्रामवासियों ने अपनी स्वेच्छा से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु 15,000 रुपये की राशि एकत्रित कर भेंट की, इस दौरान कार्यक्रम में सदाशिव सलामे,उपसरपंच उमाजी शेन्डे, शाला अध्यक्ष सेवक उईके, अजय बागडे, संजय बागडे, नरेश बागडे, संजय धर्म, शंकरराव सलामे, छत्रपति परतेली, मारोती सलामे, लीलाधर परतेती, प्रकाश खनाती सोहन सांबारे आदि का सहयोग रहा है।कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाया है।

## आप सबसे मिला स्नेह मेरी पूंजी : दुबे



**दमुआ।** आप सबसे मिला सहयोग और स्नेह मेरी व्यक्तिगत पूंजी है ।यह बात प्राचार्य रमाकांत दुबे ने जनजातीय कार्य विभाग में 38 वर्ष की शासकीय सेवा से निवृति के बाद अपने सम्मान ने आयोजित समारोह में साथी शिक्षकों अध्यापकों और नंदन संकुल स्टॉफ के शिक्षकीय स्टॉफ को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने अपनी शिक्षकीय यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि ट्राइबल विभाग में जीव विज्ञान व्याख्याता के रूप में पहली पोस्टिंग तत्कालीन संयुक्त मध्य प्रदेश के घरघोड़ा रायगढ़ में हुई थी फिर जसपुर ,मलाजखण्ड होते हुए 1999 में दमुआ हायर सेकेंडरी स्कूल आए ।सन 2005 में पदोन्नत होकर नंदन हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य सम्हाला ।उन्होंने कहा नंदन संकुल केंद्र के 39 स्कूलों में से कई स्कूल पहुँच विहीन क्षेत्रो में आते थे, जहाँ पहुँचकर जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना अपने आप मे एक चुनौती थी लेकिन जनशिक्षकों और संकुल स्टॉफ और सभी सहयोगी कर्मचारियों के सहयोग से मैंने उन चुनौतियों को स्वीकार किया और हमे सफलता भी मिली । आज मैं शासकीय जिम्मेदारी से मुक्त हुआ हूँ लेकिन जब कभी भी मेरी सेवाओ की जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा उपलब्ध रहूँगा ।सेवानिवृति पर प्राचार्य रमाकांत दुबे का अभिनंदन समारोह नंदन स्कूल और जनशिक्षा केन्द्र से जुड़े शिक्षकीय स्टॉफ ने रखा था । आयोजन में स्टॉफ तथा संकुल की ओर से रमाकांत दुबे का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया वहीं अन्य लोगों ने उन्हें उपहार भेंट किये ।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ में वेटलैंड दिवस एवं मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान माला का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय, दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने की। इस अवसर पर वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के संरक्षण, जैव विविधता में उनकी भूमिका तथा जल संतुलन बनाए रखने में उनके महत्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता नीरज कुमार सल्लाम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं संतुलित जीवनशैली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## वी.बी-जी राम जी को लेकर भाजपा का छिंदवाड़ा जनपद का हुआ सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वी.बी.-जी राम जी के छिंदवाड़ा जनपद के संयोजक एवं अन्त्योदय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष पटेल ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, बी.बी. जी रामजी के जिला संयोजक एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, सहसंयोजक शिव पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, ओम पटेल, दिनेशकांत मालवी, मंडल संयोजक गोलू सुशील चौधरी, रूपसिंग पटेल, संतोष चंद्रवंशी, अम्बिका गेंदसिंह बानखेड़े, घनानन्द कमलनाथ पटेल की मुख्य उपस्थिति में प्रारंभ हुआ । सम्मेलन में जी राम जी बिल को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा बी.बी. जी राम जी विधयेक 2025 को पारित किया गया जिससे ग्रामीण आजीविका मिशन को गति मिलेगी जिससे भ्रष्टाचार पर रोक रहेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा । अब 100 दिन के रोजगार से बढ़कर 125 दिन का रोजगार मिलेगा । अब साप्ताहिक राशि सीधे हितग्राही के खाते में भुगतान की जाएगी । गांव स्तरीय योजनाएं पहले तैयारी की जाएगी फिर ब्लाक, जिला एवं राज्यस्तर, राष्ट्रीय स्तर पर डिजीटल मानचित्र और प्रधानमंत्री गति से संयोजित होगी साथ ही बिल को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई ।

## अतिक्रमण को लेकर प्रमुख बाजारों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के आदेशानुसार गायत्री मार्केट टाउन हॉल के सामने, फल मार्केट पोस्ट ऑफिस के सामने, मोहबे मार्केट, बुधवारी बाजार एवं इतवारी बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण कर व्यापार किया जा रहा था। संबंधित दुकानदारों से तत्काल अतिक्रमण हटवाया गया तथा भविष्य में दुकान के बाहर अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई। नगर निगम द्वारा आमजन की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## वरिष्ठ नागरिकों हेतु डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** राज्य कार्ययोजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के उद्देश्य से नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा द्वारा संचालित गोधूलि वृद्धाश्रम में बृहस्पतिवार को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोफेसर डॉ. आशीष बाजपेई द्वारा ऑनलाइन लेन-देन के दौरान हो रहे साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से OTP, बैंक विवरण एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराया। इसी क्रम में IPS कॉलेज के प्लेसमेंट ऑफिसर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख कलाकार श्री नरेंद्र पाल जी द्वारा किया गया।

## अमृत मित्रों द्वारा जल गुणवत्ता की जाँच जारी

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम की जल प्रदाय शाखा के अंतर्गत अमृत मित्रों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। अभियान के तहत प्रतिदिन लगभग 150 जल नमूने प्रत्येक टंकी के जल प्रदाय क्षेत्रों से एकत्र कर परीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान कुल कठोरता, क्लोराइड, फ्लोराइड, कुल आयरन, प्री क्लोरीन, नाइट्रेट, अमोनिया, कुल क्षारीयता तथा टर्बिडिटी (पानी का मैलापन/धुंधलापन) जैसे मानकों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण के माध्यम से पानी में जीवाणुओं की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति की भी जांच की जाती है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। जल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### सिविल अस्पताल चांदामेटा प्रकरण का मामला, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

# नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सिविल अस्पताल चांदामेटा में प्रसव उपरांत नवजात शिशु की मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल ऑफिसर के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्यवाही शिकायतकर्ता श्री योगेश यदुवंशी, निवासी ग्राम चरईकला तहसील परासिया द्वारा 04 जनवरी 2026 को प्रस्तुत शिकायत तथा संयुक्त जांच समिति द्वारा 16 जनवरी 2026 को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा जारी नोटिस के अनुसार सिविल अस्पताल चांदामेटा में पदस्थ संविदा नर्सिंग ऑफिसर्स श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती सरिता राव, श्रीमती वर्षा सोनी, श्रीमती हिना खान एवं श्रीमती नीतू नागेश के विरुद्ध कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाई गई है। जांच में प्रसवोत्तर नवजात की सतत निगरानी नहीं करने, आवश्यक रिकॉर्ड संधारित न करने एवं समन्वय में त्रुटियां सामने आई हैं। जांच में श्रीमती वर्षा सोनी पर अवैध धन मांगने का आरोप भी उल्लेखित है।

वहीं इसी प्रकरण में सिविल अस्पताल चांदामेटा की मेडिकल ऑफिसर डॉ. रेनू सिंह के विरुद्ध भी कलेक्टर श्री नारायन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच प्रतिवेदन में यह तथ्य प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया कि शिशु की गंभीर स्थिति की सूचना मिलने के बावजूद वे तत्काल अस्पताल नहीं पहुंचीं, बिना प्रत्यक्ष परीक्षण किए दूरभाष पर ही रेफर का निर्देश दिया गया तथा अधीनस्थ स्टाफ के कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण एवं आपातकालीन चिकित्सकीय हस्तक्षेप सुनिश्चित नहीं किया गया, जिसके कारण उपचार एवं रेफरल में विलंब हुआ। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा संबंधित नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल ऑफिसर को नोटिस की प्राप्ति से 7 दिवस के भीतर अपना स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं साक्ष्य सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 900 कि.ग्रा. महुआ लहान की गई बरामद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेन्द्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आगामी भूराभगत मेला सांगाखेड़ा को दृष्टिगत रखते हुये आबकारी विभाग वृत्त परासिया, जामई एवं दमुआ के संयुक्त गठित दल प्रभारी अधिकारियों द्वारा आज मेला एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्यवाही की गई। गठित सयुंक्त टीम द्वारा सर्वप्रथम वृत्त दमुआ अंतर्गत मेला मार्ग में भीमकुण्ड में फूलभानशा नर्रे तथा नागढाना में राकेश यदुवंशी निवासी ग्राम चरणभाठा दोनों व्यक्तियों के पास से लगभग 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। इसके बाद आबकारी दल झापिया- भूराभगत मार्ग में नाला किनारे 05 प्लास्टिक के ड्रमों में भरा रखा 900 कि.ग्रा. महुआ लहान तथा 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। इस दबिश कार्यवाही में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, च के तहत 04 प्रकरण कायम किया गया। दबिश कार्यवाही में कुल 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 900 कि.ग्रा. महुआ लहान जिसकी अनुमानित कीमत 93500 रूपये आंकी गई। दबिश कार्रवाई में गठित मेला दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, श्री ओमकार सिंह मार्को, श्री अनिकेत पटेल एवं समस्त आबकारी आबकारी आरक्षक उपस्थित थे ।



## कल दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे कमलनाथ व नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का 7 फरवरी को दोपहर 12.45 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के आगंतुकों व आमजन से भेंट करेंगे। अपराह जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। 8 फरवरी को पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का दोपहर 12 बजे सौंसर आगमन होगा।

## छिंदवाड़ा-पांढुर्णा की दो असहाय बेटियों का होगा विवाह

# बागेश्वर धाम में गूंजेंगे मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

**आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की दो निर्धन और असहाय बेटियों का शुभ विवाह सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री बागेश्वर धाम, छतरपुर में संपन्न होने जा रहा है। यह विवाह पूज्य संत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में आयोजित होने वाले भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह में संपन्न होगा।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चांद, तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा निवासी रानू रघुवंशी तथा ग्राम भूम्मा, तहसील सौंसर जिला पांढुर्णा निवासी चंद्रकला मानमोडे का चयन इस पुनीत आयोजन के लिए किया गया है। दोनों बेटियां आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर एवं पारिवारिक सहारे से वंचित हैं। बताया गया कि रानू रघवंशी माता-पिता दोनों के साये से वंचित हैं और वर्तमान में अपने भाई एवं बुआ के परिवार पर आश्रित होकर जीवन यापन कर रही हैं। वहीं चंद्रकला मानमोडे अपने पिता को खो चुकी हैं तथा अपनी माता और मामा के संरक्षण में रह रही हैं। बागेश्वर धाम द्वारा चयनित इन दोनों बेटियों का विवाह पूर्ण विधि-विधान के साथ 300 कन्याओं के विशाल सामूहिक विवाह आयोजन में कराया जाएगा, जिससे उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य की नई शुरुआत मिल सके।




### वनवासी शिष्य मंडल ने निभाई अहम भूमिका

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूज्य सरकार बागेश्वर धाम की ओर से छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में पात्र कन्याओं के चयन की जिम्मेदारी वनवासी शिष्य मंडल, जामसांवली धाम को सौंपी गई थी। मंडल द्वारा कुल पांच बेटियों का विवरण भेजा गया था, जिनमें से जांच-पड़ताल उपरांत दो बेटियों का चयन विवाह हेतु किया गया। इस पुनीत कार्य को लेकर क्षेत्र में हर्ष और संतोष का माहौल है तथा बागेश्वर धाम द्वारा किए जा रहे सामाजिक और मानवीय प्रयासों की सराहना की जा रही है।

## बेटियों ने किया पिताश्री का अंतिम संस्कार

**छिंदवाड़ा।** गुरुवार की प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में स्मृति शेष पंडित ओंकार प्रसाद जैन के सुपुत्र पीपल वाला शॉप परासिया के संचालक दिलीप जैन का 63 वर्ष की अल्प आयु में जबलपुर अपोलो हॉस्पिटल में निधन हो गया।जिनका पार्थिव शरीर परासिया लाया गया ओर सकल जैन समाज एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दोपहर 3 बजे मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया, उन्हें उनकी दोनों बेटियां पलक जैन एवं महक जैन ने अग्नि देकर रस्म पूरी की। स्वर्गीय दिलीप जैन गोपाल जैन के अनुज एवं मनोज जैन, राजू जैन के बड़े भ्राता थे। इस अवसर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक वरिष्ठ समाज सेवी दीपक राज जैन छिंदवाड़ा, कैलाश जैन अमरवाड़ा, दिगंबर जैन समाज परासिया के अध्यक्ष अलकेश जैन एवं हेमंत जैन के साथ बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने उन्हें भावांजली अर्पित की। मिलनसार एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वर्गीय दिलीप जैन की अंत्येष्टि में भोपाल, जबलपुर, नागपुर, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, इटारसी, बुढार, अमरवाड़ा, सिंगोड़ी, गुरैया, लोधीखेड़ा सहित पूरे प्रदेश से जैन बंधु सम्मिलित हुए।



## स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों हेतु शुभकामना संदेश कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिछुआ

विद्यालय परिसर में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए आगामी कक्षा में प्रवेश को लेकर शुभकामना संदेश कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के सभी छात्र एवं छात्राएं पूरी तरह से स्कूल ड्रेस में अनुशासन और शालीनता के साथ उपस्थित रहे।विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को पारंपरिक विदाई समारोह का नाम न देकर "शुभकामना संदेश कार्यक्रम" नाम दिया। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि छात्र-छात्राएं विद्यालय और शिक्षकों से हमेशा जुड़े रहते हैं, इसलिए यह विदाई नहीं बल्कि आगे बढ़ने की शुभकामनाओं का अवसर है।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए और अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय कप्तान एवं उपकप्तान द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का प्रतीक बेल्ट विद्यालय फाउंडर श्री बोबडे सर एवं प्राचार्या श्रीमती पूजा बोबडे मैम को सौंपा गया, जो कार्यक्रम का एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय फाउंडर श्री बोबडे सर ने सभी विद्यार्थियों को आगामी कक्षा एवं भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक वातावरण और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

## 69वीं स्कूल नेशनल गेम्स दिल्ली में खिलाड़ियों की ऐतिहासिक जीत




हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

14 वर्ष बालक वर्ग में मध्य प्रदेश को तृतीय स्थान दिलाने में ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जुन्नारदेव के खिलाड़ी की अहम भूमिका।राजधानी दिल्ली के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में 28 से 3 फरवरी तक आयोजित 69वीं स्कूल नेशनल गेम्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस थांगता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जुन्नारदेव के 3 थांगता खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 वर्ष बालक आयु वर्ग के -40 कि.ग्रा.श्रीसमर्थ रुखमांगद,-44 कि.ग्रा.अर्पित विश्वकर्मा रजत पदक,+56 कि.ग्रा.मो.आवान खान ने कांस्य पदक जीतकर मध्य प्रदेश टीम को तृतीय स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह तीनों खिलाड़ी शिक्षा विभाग की समस्त प्रतियोगिता ब्लॉक,जिला,संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार खेल का प्रदर्शन करते नजर आएंगे है। इस स्कूल नेशनल गेम्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक जीत के साथ खिलाड़ियों ने जिला को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों के अच्छे खेल प्रदर्शन पर विद्यालय के संचालक निखिलेश उपाध्याय,कीर्ति उपाध्याय,अंकित द्विवेदी, रोली द्विवेदी,प्राचार्या अभिशिखा ठाकरे,मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन सचिव शिवेंद्र सिंह परमार,जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रजापति इवनती,दल प्रबंधक घनश्याम करोले ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता पिता,प्राचार्या अभिशिखा ठाकरे एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद को दिया।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉ एके तांडेकर निर्देशन में सोमवार को रासेयो शिविर के दूसरे दिन ग्राम चिखलमऊ में स्वयसेवकों द्वारा घर घर जाकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया। ग्रामीणों ने स्वयं सेवकों को अपनी परेशानियों से अवगत कराया। इस वार्तालाप के दौरान ग्रामीणों ने एक मीडिल स्कूल खोलने के लिए अपनी बात रखी। पता लगा कि ग्राम चिखलमऊ पंचायत में सिर्फ प्राथमिक शाला है ग्राम पंचायत में मिडिल स्कूल नहीं है, ग्रामीण ने बताया कि क्लास छठवी से लेकर आठवीं तक कि पढ़ाई के लिए बच्चों को परेशानियों का सामना करना पडता हैं। स्वयंसेवकों द्वारा सरकारी योजना आयुष्मान कार्ड, आवास योजना, ग्राम उद्योग जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीणों से ली गई। एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति जागरूकता एवं स्वच्छता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे दुष्परिणाम एवं स्वच्छता के बारे में अवगत कराया। बौद्धिक चर्चा के दौरान व्यक्तित्व विकास के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राहुल भारती, लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी एवं विनोद धुर्वे उपस्थित रहे।

## विजय ने यूजीसी नेट परीक्षा में पाई सफलता



**बिछुआ।** वीर अमर शहीद स्व. क्रबीरदास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के हिंदी विभाग के पूर्व छात्र ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता पाई। डॉ.शशि उईके विभागाध्यक्ष हिंदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिछुआ के ग्राम लोहारबतरी निवासी विजय डेहरिया ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा दिसंबर 2025 में सफलता पाई उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता श्री रामदयाल डेहरिया,माता स्वर्गीय चंद्रकला डेहरिया,दादी देवकी डेहरिया एवं भाई सचिन डेहरिया अजीत डेहरिया चंद्रभान डेहरिया श्रीपाल डेहरिया एवं डॉ.शशि उईके,डॉ.साक्षी सहारे,श्री दुजारी बोसम,डॉ.शिवानी सोनी,डॉ.मदन ठाकरे साथ ही डॉ.दमयंती कटरे डॉ.कमलाकर मोटघरे,कमलेश चरपे,राकेश कोष्ठी को दिया। छात्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी यादव एवं आइक्यूएसी प्रभारी डॉ.अजीत डेहरिया व समस्त महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल में कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न ( POSH Act)" विषय पर 05 फरवरी 2026 को एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में सुश्री रचना चौधरी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर उपस्थित रहीं।कार्यशाला में उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों, यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों, उससे बचाव के उपायों तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता एवं सुरक्षित कार्य वातावरण के प्रति समझ विकसित करना रहा। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई।

## पीड़ित ने लांजी थाने में दर्ज कराई शिकायत, कार्यवाही की मांग

# चिचटोला के ईंट भट्टे से सामान चोरी, दो कारीगरों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ग्राम बिसोनी वार्ड क्रमांक 20 चिचटोला में संचालित एक ईंट भट्टे से 4 फरवरी की रात चोरी का मामला सामने आया है। भट्ठा संचालक पवन कश्यप ने दो युवकों पर काम के दौरान चोरी कर फरार होने का आरोप लगाते हुए थाना लांजी में शिकायत दर्ज कराई है।भट्ठा संचालक पवन कश्यप ने बताया कि वे प्रतिवर्ष ईंट भट्ठे का संचालन करते हैं। ईंट निर्माण के लिए बाहर से कारीगरों को लाया जाता है। इसी क्रम में ग्राम तिगांव के कमलचंद ठाकरे एवं प्रदीप घरडे तहसील आमगांव निवासी को ईंट भट्ठे पर काम के लिए रखा गया था। आरोप है कि दोनों कारीगर 4 फरवरी की रात बिना किसी सूचना के भट्ठा छोड़कर फरार हो गए और




जाते समय भट्ठे पर रखे सबमर्सिबल पंप, दो तिरपाल, दो वायर बंडल, दो पाइप बंडल सहित अन्य सामान अपने साथ ले गए।भट्ठा संचालक का कहना है कि ईंट भट्ठा उनका पुस्तैनी कार्य है और कारीगरों को लाने ले जाने व रहने की पूरी व्यवस्था उनके द्वारा की जाती है। पवन कश्यप ने बताया कि भट्ठे से चोरी गया सामान बिल सहित उनके पास मौजूद है। मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने थाना लांजी में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर चोरी गया सामान वापस दिलाने की मांग की है।फिलहाल पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

## विद्यार्थियों को सिखाया नैतिकता का पाठ

# एसडीएम ने गोपालपुर स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के.सी. ठाकुर ने शासकीय माध्यमिक शाला गोपालपुर का औचक निरीक्षण किया। वह अचानक से स्कूल पहुंचे। जैसे ही यह जानकारी ग्रामीणों को मिली वह भी स्कूल पहुंच गए। एसडीएम ने स्कूली विद्यार्थियों से वन टू वन चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने बचपन के बारे में जानकारी से बताया कि वह जिस गांव से आए हैं वह गांव और उनका स्कूल दोनों ही बहुत छोटा था। एसडीएम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने बेहतर भविष्य बनाने के लिए खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। एसडीएम ने स्कूल में मिलने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर भी विद्यार्थियों से सवाल पूछे। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें अच्छा भोजन मिल रहा है। एसडीएम ने स्कूल की साफ सफाई और शौचालय के हालात भी देखें। विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए एसडीएम ने उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ाया और कहा की विद्यार्थी जीवन में ईमानदारी, दूसरों के प्रति सहानुभूति, परिवार के प्रति कृतज्ञ, शिक्षकों का सम्मान होना जरूरी है। एसडीएम से चर्चा करने के दौरान विद्यार्थी काफी खुश नजर आए। इस मौके पर संस्था से प्रधान पाठक अंगेश देशमुख, शिक्षक विजय शर्मा, शिक्षिका शोभा चौधरी, अतिथि शिक्षक ललिता दायरे, डॉ चंदन पटले, पालक शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल की संयुक्त कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** पहले काम सीमित और अस्थाई थे। अब विकसित भारत गारंटी रोजगार फार आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी के अंतर्गत तालाब, सडक़, गोदाम, युवाओं के लिए स्किल सेंटर, शेड निर्माण और जल संरचनाएं बनेगी। इससे गांव की अपनी संपति बनेगी एवं गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ ही काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। जिससे लोग सिर्फ मजदूर नहीं कमाने वाले और आत्मनिर्भर बनेंगे। उक्ताशय के उद्गार भाजपा जिला उपाध्यक्ष व विकसित भारत गारंटी रोजगार फर आजीविका मिशन ग्रामीण के जिला संयोजक किशोर अमूले ने विधानसभा परसवाड़ा के परसवाड़ा एवं मझगांव ग्राम में भाजपा मंडल की संयुक्त कार्यशाला में उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। श्री अमूले ने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करने यह पूरा बिल महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप राम राज्य की स्थापना के लिए लाया गया है। पंचायती राज प्रणाली के हर स्तर पर विकसित भारत की नींव रखने हेतु सरल और प्रभावी विकसित ग्राम पंचायत कार्ययोजना बनाएगी, जिसमें विकसित भारत जी राम जी की 151000 करोड़ की राशि और वित्त आयोग के तहत मिलने वाली 559000 करोड़ तथा ग्रामीण विकास की राशि 23142300 करोड़ के प्रावधान से ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़, आवास, आजीविका, रोजगार आदि कार्यक्रमों को बढ़ाने के साथ-साथ विकसित ग्राम, स्वावलंबी ग्राम, रोजगार युक्त और गरीबी मुक्त गांव के निर्माण में अभूतपूर्व भूमिका निभाएंगे।

## गत विजेता बिलासपुर को 12 रनों से हराकर जबलपुर पहुॅची फाईनल में



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय देवधर मैदान पर खेले जा रहे ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी 2026 के पहले सेमीफाइनल मैच में जे पी जबलपुर ने पिछले वर्ष की विजेता टीम बिलासपुर को एक बेहद नजदीकी मुकाबले में 12 रनरों से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटा लिया है। इस रोमांचक मैच में जबलपुर के बल्लेबाजों ने जहां आक्रामक शुरुआत की, वहीं उनके गेंदबाजों ने हारी हुई बाजी को जीत में बदल दिया।

मैच में जे पी जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जबलपुर के सलामी बल्लेबाज रौशन ने मैदान पर तूफान लाते हुए मात्र 21 गेंदों में 50 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसमें उसने 5 चौके व 4 छक्के लगाए। उसके अलावा आदित्य सिंह ने 39 रन और पंकज शर्मा ने 21 रनों का अहम योगदान दिया। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों के लडख़ड़ाने के कारण जबलपुर की टीम 19.4 ओवरों में 159 रनों पर सिमट गई।

बिलासपुर के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया। कप्तान मोहित राउत ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट, कुशल काकड़ ने 3.4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट, प्रवीण कुमार ने 2 तथा सौरव व राज चौधरी ने 1-1 विकेट हासिल किए। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम एक समय मजबूत स्थिति में थी, लेकिन जबलपुर की सधी हुई गेंदबाजी के सामने उसके खिलाड़ी 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 147 रनों पर ही सिमट गए और बिलासपुर को 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

बिलासपुर की ओर से पवन परनाते ने 36 गेंदों में सर्वाधिक 43 रन, सौरव विकी ने 20 गेंदों में 31 रन, प्रिंस और प्रवीण ने 18-18 रन बनाकर लक्ष्य को पाने का प्रयास किया। लेकिन वह सभी लक्ष्य को पाने में असफल रहे। बिलासपुर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी।

जबलपुर की जीत के असली नायकों में अतुल कुशवाहा ने 4 ओवर में मात्र 21 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट, वैभव पाल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 2 विकेट, आदित्य सिंह और जसबीर सिंह ने 1-1 विकेट लेकर बिलासपुर को लक्ष्य हासिल करने से रोक दिया और फाईनल का टिकट कटा लिया।

## वारासिवनी में 7 फरवरी को आयोजित होगी कक्षा नौ वीं और 11 वीं के लिए लैटरल इंट्री चयन परीक्षा

**वारासिवनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में आगामी सत्र 2026-27 में कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए 7 फरवरी 2026 को लैटरल इंट्री चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए वारासिवनी के दो विद्यालयों.केशव हायर सेकण्डरी इंग्लिश स्कूल वारासिवनी और आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नवोदय विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रणबीर सिंह ने जानकारी दी कि 7 फरवरी 2026 को नौवीं के लिए आयोजित होने वाली लैटरल इंट्री चयन परीक्षा में बालाघाट जिले के 480 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह चयन परीक्षा बिना किसी अंतराल के सवा 11 बजे पूर्वाह्न से पौने दो बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए सभी परीक्षार्थियों को संबंधित परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े 10 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कक्षा 11 वीं की लैटरल इंट्री चयन परीक्षा के लिए पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रणबीर सिंह ने बताया कि 7 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली कक्षा 11 वीं की लैटरल इंट्री चयन परीक्षा में बालाघाट जिले के 189 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा 11 वीं की यह चयन परीक्षा बिना किसी अंतराल के सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित होगी। इसलिए सभी परीक्षार्थियों को संबंधित परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े 10 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## गजपुर से पांजरा के बीच चंदन नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी कटंगी क्षेत्र के ग्राम गजपुर से पांजरा के मध्य बहने वाली चंदन नदी पर पुल/पुलिया निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर आवाज बुलंद की और पुलिया स्वीकृती की मांग की । आगामी बजट सत्र में इस महत्वपूर्ण कार्य को स्वीकृती दिलाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने विधायक श्री गौरव सिंह पारधी को विगत दिवस 25 जनवरी को ज्ञापन सौंपा गया ।यह ज्ञापन समाजसेवी श्री प्रहलाद गजभिए के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सौंपा गया। बताया गया कि बरसात के दिनों में चंदन नदी उफान पर होने से दोनों गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह टूट जाता है, जिससे विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपात स्थिति में लोगों को लंबा घुमावदार रास्ता तय करना पड़ता है। नदि पर पूलिया निर्माण होने आवाजाही में सहूलियत होगी और ग्रामीणो को सुविधा होगी । ग्रामीणो ने पुलिया स्वीकृत कराने की मांग की ।विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया की नदि पर पुलिया स्वीकृत कराने हेतू हर संभव प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौपने के दरमियान सामाजिक कार्यकर्ता प्रल्हाद गजभिऐ जितेन्द्र गौतम समाजसेवी, विनोद राउत, विवेक कुमार दुफारे, होलुराम पटले, सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## एनसीसी ऑफिसर प्रमोशन रैंक सेरेमनी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल थॉमस ओमेन एवं समस्त बटालियन स्टाफ की उपस्थिति में प्रमोशन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रैंक सेरेमनी का आयोजन दिनांक 5 फरवरी 2026 को 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन में आयोजन किया गया जिसमें चीफ ऑफिसर अनिल सिंह राजपूत गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल सिवनी, सेकंड ऑफिसर धीरेन्द्र सिंह चौहान जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हिवाड़ा, मधुर प्यासी मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी को रैंक लगाकर सम्मानित किया गया और अग्रिम बधाई दी गई।

# लखनादौन मुंग उपार्जन घोटाला: 112 में से सिर्फ 6 पर गाज; क्या राजस्व की ढाल तले छिपे हैं बाकी गुनहगार?

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया**

लखनादौन सिवनी। करोड़ों के मूंग उपार्जन घोटाले में प्रशासन की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। जहाँ एक ओर कार्यपालिक दंडाधिकारी ने 6 लोगों पर स्नद्धक्र के आदेश दिए हैं, वहीं दूसरी ओर यह सवाल उठ रहा है कि सूची में शामिल बाकी 106 चेहरों को अभयदान क्यों दिया गया? क्या लखनादौन का राजस्व विभाग अपने ही दागी कर्मचारियों और चहेते रसूखदारों को बचाने के लिए ढाल बन गया है?

### राजस्व के पटवारियों और आरआई की भूमिका संदिग्ध

बिना राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत के बंजर जमीन पर मूंग की फसल का सत्यापन और फर्जी गिरदावली तैयार करना नामुमकिन है। सूत्रों की मानें तो 112 लोगों की इस लंबी फेहरिस्त में कई ऐसे नाम हैं जिनके तार सीधे तहसील कार्यालय और पटवारियों से जुड़े हैं। सवाल यह है कि क्या केवल छोटे मोहरों (सिकमी कृषकों) को बलि का बकरा बनाकर बड़े सिंडिकेट और राजस्व विभाग के सफेदपोशों को क्लीन चिट देने की तैयारी है?

### 106 नामों पर मौन क्यों?

जांच रिपोर्ट में 112 संदिग्धों का जिक्र होना और अंततः केवल 6 पर ही कानूनी चाबुक चलना, प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या बाकी 106 आरोपियों के पास राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों का संरक्षण है? क्या साक्ष्यों को जानबूझकर कमजोर किया गया ताकि रसूखदार बच सकें?

### राजस्व विभाग के उन अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी जिन्होंने कागजों पर बंजर को हरा-भरा दिखाया?

सीएम हेल्पलाइन और झूठा निराकरण का खेल
अधिकारियों ने न केवल कार्रवाई में देरी की, बल्कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का झूठा निराकरण कर मुख्यमंत्री कार्यालय तक को गुमराह किया। यह राजस्व विभाग की उस कार्यप्रणाली को दर्शाता है जहाँ भ्रष्टाचार को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का ही दुरुपयोग किया जा रहा है।

### अब आर-पार की जंग

यदि प्रशासन ने अगले 24 घंटों में शेष 106 संदिग्धों और घोटाले में शामिल राजस्व कर्मियों पर स्पष्टीकरण या कार्रवाई नहीं की, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह स्नद्धक्र केवल जनता की आँखों में धूल झोंकने के लिए की गई एक रस्म अदायगी है। जनता अब केवल स्नद्धक्र नहीं, बल्कि इस पूरे करप्शन सिंडिकेट का समूल नाश और अवैध रूप से डकारी गई राशि की कुर्की चाहती है।

### खातों का खेल: डिजिटल डकैती के पुख्ता प्रमाण

समिति कर्मी लेखपाल दिनेश श्रीवास्तव का बैंक खाता भ्रष्टाचार का कंट्रोल रूम बन गया था। बंजर जमीन की कागजी उपज का सरकारी पैसा पहले यशोदा बाई (खाता: 170006811071) जैसे लाभार्थियों के खाते में डाला गया और वहाँ से 9.21 लाख रुपये सीधे दिनेश के खाते (170000030206) में आंतरिक ट्रांसफर किए गए। विनोद मिश्रा (2.15 लाख) और अमित तिवारी (3.90 लाख) द्वारा किए गए ट्रांसफर यह सिद्ध करते हैं कि यह कमीशनखोरी का एक सुव्यवस्थित सिंडिकेट था, जहाँ सरकारी खजाना निजी तिजोरियों में भरा जा रहा था।
लखनादौन उपार्जन घोटाले की परतें उधडऩे के बाद अब जिले के आला अधिकारी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं। संभागीय संपादक हरीश गोल्हानी द्वारा भेजे गए तीखे सवालों पर जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और एसडीएम रवि सियाग का मौन उनकी कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।
साक्ष्य व्हाट्सएप पर भेजे जाने के बावजूद अधिकारियों ने न तो संपर्क किया और न ही कोई जवाब दिया। यह टालमटोल रवैया प्रमाणित करता है कि प्रशासन राजस्व विभाग के उन बड़े मगरमछों और भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहा है, जिन्होंने बंजर जमीन पर करोड़ों की मूंग डकार ली। क्या कलेक्टर और एसडीएम की यह चुप्पी भ्रष्टाचार को सीधे तौर पर मौन संरक्षण है?

# प्रधानमंत्री श्री मोदी विद्यार्थियों से आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

## प्रदेश के सभी विद्यालयों में होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। परीक्षा पे चर्चा का राष्ट्रीय आयोजन 6 फरवरी को होगा। शुक्रवार 6 फरवरी को प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
राज्य स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर जिले के चावरपाठा विकासखण्ड के ग्राम तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में सहभागिता करेंगे।
प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण है। कार्यक्रम 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान करेंगे।
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट द्व4द्दश1.द्वठ्ठ, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई के साथ ही विभिन्न रेडियों चैनल्स, नेटफ्लिक्स, जीओ हॉट स्टार एवं अमेजन प्राइम वीडियो आदि से भी सीधा प्रसारण होगा। अन्य निजी चैनल भी कार्यकम का सीधा प्रसारण करेगें। परीक्षा पे चर्चा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशिष्ट जन, वरिष्ठ अधिकारी एवं अभिभावकगण विद्यार्थियों के साथ सजीव प्रसारण में सहभागिता करेंगे।
प्रदेश में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विगत 1 दिसम्बर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। इसमें मध्यप्रदेश से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 22 लाख 95 हजार से अधिक विद्यार्थियों, 1 लाख 28 हजार से अधिक शिक्षकों और 17 हजार से अधिक अभिभावकों सहित 24 लाख 41 हजार 390 व्यक्तियों ने सहभागिता की।
स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में तथा प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को समारोहपर्वूक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी। प्रदेश के स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा स्थापित की जा रही है। आयोजन की सुचारू व्यवस्थाओं के संबंध में समस्त कलेक्टर्स एवं मैदानी अधिकारियों को संचालक लोक शिक्षण द्वारा निर्देश भी जारी किये गये है।

# जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं-पं. मुन्नालाल शास्त्री

## मरझोर में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव





**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

नगर के शिव नगर कॉलोनी ग्राम मरझोर, सिवनी में जारी श्रीमद्भागवत भगवान कथा में गुरुवार को कथा वाचक पं. आचार्य श्री मुन्नालाल शास्त्री ने श्रद्धालुजनों से कहा कि हर मनुष्य को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। जब अत्याचारी कंस के पापों का बोझ बढ़ गया, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतार लेना पड़ा। इस दौरान कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं।
उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में माता देवकी और वासुदेव के घर हुआ था। अत्याचारी कंस के भय से वासुदेव जी ने नवजात शिशु को गोकुल में यशोदा-नंद के घर पहुंचाया था। भगवान विष्णु ने पृथ्वी से पाप मिटाने और धर्म की पुनस्र्थापना के लिए यह अवतार लिया था।
कथा आयोजक खड़ाकचंद कश्यप (सनोडिया) ने बताया की शुक्रवार को भगवान कृष्ण बाललीला एवं गिरिराज पूजन कथा बताई जाएगी। 7 फरवरी, दिन-शनिवार-महारास दर्शन, कंशवध, उद्धव संवाद, रुकमणि विवाह, 8 फरवरी, दिन-रविवार सुदामा चरित्र, कथा विश्राम, 9 फरवरी, दिन-सोमवार को महाप्रसाद भंडारा के साथ होगा।

# युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिकारा रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात हुई। मृतक की पहचान ग्राम कट्टीखमारा निवासी आसाराम पिता अयोध्या प्रसाद मरावी (लगभग 32) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह देर रात शिकारा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास घूम रहा था, तभी एक मालगाड़ी के इंजन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
परिजनों ने पुलिस को बताया कि आसाराम मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित था और अक्सर बिना बताए घर से निकल जाता था। आशंका है कि इसी कारण वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना प्रत्यक्षदर्शियों ने घंसौर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके परपहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेज दिया।पुलिस हादसे के कारणों की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक किस परिस्थिति में रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और यह हादसा दुर्घटनावश हुआ या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।
घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झरिया ने बताया कि शिकारा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# आदर्श चौरसिया लेडिज क्लब की कार्यकारिणी का हुआ गठन



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

लेडिज क्लब का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एव आर्दश-चौरसिया संस्थापिका श्रीमती सारिता चौरसिया एवं मध्यप्रदेश की अध्यक्षा श्रीमति रीना संजय चौरसिया के सानिघ्य में संपन्न हुआ। जिससे श्रीमती अर्चना नरेन्द चौरसिया को आदर्श चौरसिया लेडिज़ क्लब सिवनी की अध्यक्षा बनाया गया। श्रीमात वैशाली सुधीर चौरासिया को कार्यकारी अध्यक्षा बनाया गया, श्रीमती आरती संजय चौरसिया एवं श्रीमती सीमा संजय चौरसिया को उपाध्यक्ष बनाया गया, श्रीमति प्रीति विजय चौरसिया को कोषाध्य बनाया गया, श्रीमात रेखा मूलचंद चौरसिया सचिव बनाया गया, श्रीमति सुनीता अनिल चौरसिया को सह-सचिव, एवं कविता राजेश चौरसिया को डायरेक्टर बनाया गया एवं इस प्रकार आदर्श चौरसिया लेडिज क्लब की कार्यकारिणी का गठन हुआ।

# जल शोधन यंत्र के रख-रखाव एवं ई एम एफ मीटर स्थापना के चलते बंडोल जल प्रदाय योजना से दो दिन जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

महाप्रबंधक जल निगम द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश जल निगम के अंतर्गत संचालित बंडोल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र (WTP) में आवश्यक रख-रखाव कार्य एवं पंप हाउस के समीप ई.एम.एफ. (Electromagnetic Flow Meter) मीटर की स्थापना/कमीशनिंग का कार्य किया जाना है। इसके चलते जल शोधन संयंत्र को शुक्रवार 06 फरवरी से शनिवार 07 फरवरी 2026 तक दो दिनों के लिए बंद रखा जाएगा।
उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में शटडाउन के कारण बंडोल योजना से जुड़े 210 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। कार्य पूर्ण होते ही संबंधित ग्रामों में जलापूर्ति पुनः सुचारु कर दी जाएगी। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कार्य सुरक्षित एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक है।

### छपारा सीपीएल क्रिकेट लीग 3 की रही बोस श्याम करेंट विजेता टीम

छपारा - नगर के सिंचाई कालोनी स्थित खेल मैदान पर विगत 22 जनवरी से शुरू हुई नगर की यंग हीरो क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सीपीएल क्रिकेट 2026 लीग- 3 का गत 3 फरवरी मंगलवार को हुए क्वार्टर, सेमी फाइनल और अंतिम फाइनल मैच मुकाबले के साथ समापन हुआ लीग का फाइनल मैच सिटी बॉयज और बोस करंट श्याम के बीच खेला गया जिसमें बोस श्याम करेंट ने रोमांचक मुकाबले में 30 रनों से जीत हासिल कर ट्राफी को अपने नाम किया लीग के इमरान खान मैन ऑफ़ द सीरीज, सक्षम कोष्टा बेस्ट बॉलर एवं युवराज इनवाती सीपीएल-3 फायनल मैच के मैन ऑफ़ द मैच रहे ज्ञात हो कि उक्त ट्रॉफी को आईपीएल की तरह ओक्शन प्रक्रिया से शुरू हुआ था और नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों बर्रा, पायली,घुनई , देवगांव और बकौडासिवनी को शामिल कर खिलाड़ियों को चयनित कर कुल 8 टीम बनाई गई

# बंजारी घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र में बंजारी घाटी के पास आज बुधवार सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। लखनादौन से जबलपुर जा रहा यह तेज रफ्तार ट्रक मोड़ पर पलटा, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। हादसे में ट्रक चालक सुरक्षित बच गया।
जानकारी के अनुसार, ट्रक सुबह लखनादौन से जबलपुर की ओर जा रहा था। बंजारी घाटी के तीखे मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक सडक़ किनारे पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।तेज गति और मोड़ पर लापरवाही से हादसा
घटना की सूचना मिलते ही धूमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ कर हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में तेज गति और मोड़ पर लापरवाही को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है। धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह ने बताया कि बंजारी घाटी के पास ट्रक पलटने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात सुचारू कराया।
उन्होंने यह भी बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे घाटी क्षेत्रों और मोड़ों पर विशेष सतर्कता बरतें। तेज गति और लापरवाही से न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों की जान को भी खतरा हो सकता है।

# जिला अस्पताल में 200 से ज्यादा लोगों ने अपना चेकअप करवाया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

जिला अस्पताल में कैंसर के प्रति जागरूकता और जांच के लिए बुधवार को विशेष शिविर लगाया गया। एनसीडी क्लीनिक और महिला ओपीडी के जरिए आयोजित इस शिविर में 200 से ज्यादा लोगों ने अपना चेकअप करवाया।
महिला ओपीडी में कुल 98 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। लेडी डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं की जांच की, जिसमें 7 महिलाओं के बच्चेदानी के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की विशेष जांच की गई। अच्छी बात यह रही कि किसी भी महिला में कैंसर के लक्षण नहीं पाए गए।
कैंसर विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र कुमार परते ने एनसीडी क्लीनिक में आए 108 मरीजों की जांच की। जांच के दौरान एक मरीज को जिला अस्पताल में ही कीमोथेरेपी करवाने की सलाह दी गई। डॉक्टरों ने मरीजों को समझाया कि नशा छोडऩे, अच्छे खान-पान और कसरत से कैंसर जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।अस्पताल की टीम का सहयोग
शिविर को सफल बनाने के लिए अस्पताल के स्टाफ और नर्सिंग छात्राओं ने पंजीयन से लेकर जांच तक में मदद की। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य यही था कि लोग बीमारी के शुरूआती दौर में ही जांच करवाएं ताकि समय पर इलाज मिल सके।

# वीबी जी-राम-जी योजना पर श्रमिक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के तहत सिवनी विधानसभा के लखनवाड़ा मंडल अंतर्गत ग्राम संगई में विधानसभा स्तरीय बजट एवं वीबी जी-राम-जी योजना पर श्रमिक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिक, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।
कार्यशाला के माध्यम से केन्द्रीय बजट 2026-27 पर व्यापक संवाद किया गया, वहीं राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मनरेगा में किए गए संशोधन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार समाज में भ्रम और झूठ फैलाने का काम कर रही है। पहले कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया और अब इस कानून का विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि इसमें राम का नाम जुड़ा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस को राम नाम से ही आपत्ति है, लेकिन इस वैचारिक संघर्ष में अंतत सत्य और राष्ट्रहित की ही विजय होगी।
विधायक ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं के नाम पर सरकारी राशि का खुला बंदरबांट होता था। पैसा आता था तो केवल कागजी काम होते थे गड्ढा खोदकर भर देना ही विकास मान लिया जाता था। अब हालात बदले हैं। अब योजनाएं केवल खर्च नहीं, बल्कि परिणाम देने के लिए बनाई जा रही हैं। मजदूरों को काम भी सुनिश्चित किया जा रहा है और उनके श्रम का पूरा पारिश्रमिक भी। विकास की दिशा स्पष्ट है और जनकल्याण सरकार की प्राथमिकता में है।
उन्होंने कहा कि वीबी जी-राम-जी अधिनियम केवल रोजगार देने की योजना नहीं है, बल्कि यह स्थायी निर्माण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भ्रष्टाचार के समूल नाश की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण अंचलों में विकास को नई गति मिलेगी और गांव आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होंगे।
कार्यशाला में उपस्थित भाजपा वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें योजनाओं को अपने नेताओं के नाम से जोडऩे में लगी रहती थीं, जबकि भाजपा की नीतियां और योजनाएं गरीब, श्रमिक और गांव के समग्र विकास पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब गांव विकसित होंगे, और यह लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से पूरा हो रहा है।

**पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट ओपन वर्ग में क्यूके स्पोर्ट्स और सर्वोदय ने अपने मैच जीते**

# वेटरन वर्ग की पहली टीम जेआरबी पटेल पहुंची क्वार्टर फाइनल में

### पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट ओपन वर्ग में क्यूके स्पोर्ट्स और सर्वोदय ने अपने मैच जीते

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

रात अंधेरे में भी चकाचौंध दूधिया रोशनी से जगमगाता मिशन स्कूल के मैदान में आयोजित पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के महामुकाबले में ओपन वर्ग के खिलाडिय़ों के आगे उगलते बल्लों से आसमान की ऊंचाई पर उछलती गेंदों की मार तो बंदूक की गोली की माफिक रफ्तार से बाउंड्री पार करती गेंद वहीं तूफान से भी तेज गति से होती गेंदबाजी का नजारा तो कहीं हर चौंके छक्कों पर खेलप्रेमियों का जोश उत्साह उमंग तालियां की गडग़ड़ाहट का नजारा देखने को उमड़ता जा रहा है जनसैलाब जो अब धीरे-धीरे अपने चरम पर बढ़ता ही जा रहा है फटाफट क्रिकेट की दुनिया में सिवनी का नाम अब लगातार देश प्रदेश बढ़ता जा रहा है।
नगर के हृदय स्थल मिशन स्कूल के मैदान में आयोजित पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के हर मुकाबलों में लगातार अतिथियों की उपस्थिति से खिलाडिय़ों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मैच के दौरान अतिथियों के तौर पर पहले मैच में पधारे सिवनी के पूर्व विधायक नरेश दिवाकर उनके साथ पूर्व पार्षद संजय खंडाईत, अल्केश रजक, भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर अपने विचार उपस्थित खेलप्रेमियों तक प्रदान किए वहीं दूसरे मैच में जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पंकज जैन ने भी मैच प्रारंभ कराने टास प्रकिया को पूरी कराते हुए अपने उद्बोधन से खिलाडिय़ों को उत्साहित किया। वेटरन वर्ग के अंतिम मुकाबले में पधारे सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के कान्हा राय ने टास प्रकिया संपन्न कराते हुए खिलाडिय़ों को बहुत देते हुए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अतिथियों के स्वागत में पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे सहित अरूण यादव, सुशील ठाकुर, सतीश चिंटोले, डॉ नितिन कटरे, मीडिया प्रभारी नन्दन श्रीवात्री, अरूण राय, मन्नी चौरसिया, जित्तू ठाकुर, भीम भैया, चिंता सलामे, राहुल वानखेड़े, काबिज खान, इरफान पटेल, नफीस खान, आसिफ लाल, बाबू बिजली, वीरू डोंगरे, सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। ओपन वर्ग के दूसरे दिन के महामुकाबले में पहला मैच परफेक्ट इंजिनियर और आदिवासी 11 के मध्य खेला गया इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी परफेक्ट इंजिनियर की टीम ने अपने निर्धारित 8 ओवरों के मैच में 7 विकेट गंवाकर कर 104 रन बनाए वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदिवासी 11 की ने 7.5 ओवर में ही 6 विकेटों के आउट होने पर 106 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल करते हुए पहली जीत 4 विकेट से अपने नाम कर ली। इसी क्रम में ओपन वर्ग के दूसरा कडक़ मुकाबला सर्वोदय 11 स्टार और क्यूके स्पोट्र्स के बीच खेला गया सर्वोदय 11 स्टार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने फैसला करते हुए ।

# नए पाठ्यक्रम से होगी स्नातक परीक्षा, आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा पद्वति में भी बड़ा बदलाव

**सिवनी**. राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाडा द्वारा मार्च-अप्रैल 2026 से आयोजित स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा नए कोर्स के अनुसार होगी।
विश्वविद्यालय से संबद्ध सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना के कॉलेजों में अध्ययन स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को इसी के आधार पर परीक्षा देनी होगी। बता दें कि शासन ने अध्यादेश 14(1) लागू किया है। जिसके अनुसार विद्यार्थियों को 3 मेजर, 2 माइनर मल्टीडिसिप्लीनरी विषय, 1 कौशल संवर्धन विषय (वोकेशनल कोर्स), योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (आधार पाठ्यक्रम) और 1 मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम (भारत बोध) का सैद्धांतिक (थ्योरी) पेपर देना होगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट वर्क, इंटर्नशिप, एप्रिंटिसशिप, कम्यूनिटी इंगेजमेंट में से कोई एक लेना अनिवार्य होगा। वहीं विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'आरआरएसयू छिंदवाड़ा' मोबाइल ऐप लांच कर दिया है। विद्यार्थियों इस ऐप को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप विषेष तौर पर विद्यार्थीयों की सुविधा को देखते हुए लांच किया गया है। विद्यार्थी यूजर नेम और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकेंगे एवं परीक्षा फार्म भरने के साथ ही फीस का भुगतान घर बैठे कर सकेंगे। भविष्य में विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम एवं डिजीटल अंकसूची भी इसी ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी होंगी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि अध्यादेष 14 (1) स्नातक प्रथम के आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा पद्धति में बड़ा बदलाव किया गया है।

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खंड छपारा जिला सिवनी म.प्र.**
व्यव. वाद. क्र.- आर. सी. एस. ए- 249/2025
प्रस्तुत दिनांक 27/11/2025
सेवकराम......................वादी
विरूध्द
बीरन बगैरह............प्रतिवादीगण

**ज्ञापन**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है वादी शामिल सरीक भूमि ग्राम प्रतापगढ प.ह.न. 25 रा.नि.मं. व तहसील छपारा जिला सिवनी म.प्र. मे स्थित भूमि ख.नं 185 / 1, 185/2 रकबा 2.59हे. भूमि के संबंध मे भूमि के राजस्व अभिलेखो मे वादी के घरेलू चालू नाम छोटो विलोपित कर वास्तविक नाम सेवकराम चंद्रवंशी राजस्व अभिलेखो मे दर्ज किये जाने की उदघोषणा हेतु वादपत्र पेश किया गया था । अत: उपरोक्त संबंध मे आम जनता को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25/02/26 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा कोई आपत्ति अथवा उपस्थिति न होने के स्थिति मे एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।
नियत दिनांक अवकाश घोषित होने की स्थिति मे आगामी कार्यदिवस मे सुनवाई की जावेगी ।
आज दिनांक 27/01/26 को न्यायालय की पदमुद्रा हस्ताक्षर से जारी।
स्थान-छपारा
दिनांक 27/01/2026. (केशव कुमार)
सील व्यवहार न्यायाधीश, (कनिष्ठ खण्ड)
श्रृंखला न्यायालय छपारा जिला- सिवनी (म.प्र.

### ग्रामीण थाना नवेगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# वाहन चेकिंग के दौरान 6.60 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के ग्रामीण थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 6.60 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपये बताई जा रही है।

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के अनुसार, पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी, जब उन्होंने काले रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल चालक ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की।



भागने के प्रयास में पीछे बैठा एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उतरकर फरार हो गया, जबकि पुलिस ने घेराबंदी कर मोटरसाइकिल चालक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक बैग में रखा 6.60 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कायदी निवासी वेदप्रकाश (34) पिता नेतराम सैनिक के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी से गांजे के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस फरार आरोपी साथी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त

### तुम्हारे फोन पर पोर्न फिल्म देखी जाती हैं...

# सीबीआई अफसर बनकर टीआई को डिजीटल अरेस्ट की कोशिश, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में साइबर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। एक थाना प्रभारी को सीबीआई अधिकारी बनकर पोर्न फिल्म देखने के नाम पर धमकाकर ठगी का प्रयास किया गया।

गुरुवार को बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने इस घटना के बाद साइबर शिकायत नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है।

थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि उन्हें ट्रू-कॉलर पर 'दोस्त' नाम से एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि उनके पास शिकायत आई है कि वे फोन पर 'गंदी फिल्में' देखते हैं।



कॉलर ने धमकी दी कि उनके नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कर चालान किया जाएगा और उन्हें छोटे बच्चों के साथ रेप जैसी गंभीर घटनाओं का कारण बताया।

यह बातचीत लगभग दो मिनट तक चली। थाना प्रभारी मर्सकोले ने बताया कि वह कॉलर से और जानकारी लेना चाह रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपने दोस्त को बताने की बात कही, कॉलर ने फोन काट दिया। इसके तुरंत बाद, मर्सकोले ने साइबर शिकायत नंबर 1930 पर इसकी शिकायत की, जिसके बाद उस मोबाइल नंबर को बंद कर दिया गया है।

बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने मोबाइल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऐसे अनजान कॉल से सतर्क रहें। उन्होंने सलाह दी कि यदि उन्हें ऐसे कोई फोन कॉल आते हैं, तो तत्काल 1930 पर शिकायत करें और पुलिस को सूचित करें।

साइबर नोडल थाना ने सभी मोबाइल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनजान नंबरों या लिंक पर भरोसा न करें और यदि कोई ऐसी घटना होती है, तो तुरंत साइबर शिकायत नंबर, नोडल थाना या पुलिस को सूचित करें।

# प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा

### शासकीय, अशासकीय और मदरसा स्कूलों के विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसकमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कू ल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कोई विद्यार्थी यदि किसी कारणवश परीक्षा तिथि तक पंजीकृत नहीं हो पाया है, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी परीक्षा उपरांत दर्ज की जाएगी। परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन

# ग्राम कान्द्रीकला में कच्ची शराब का हो रहा गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कान्द्रीकला व नीलागोंदी में कच्ची शराब का गोरखधंधा बेकाबू फल फूल रहा है जिसकी जद में युवा आ रहे हैं। इस अवैध धंधे को रोकने के लिए शासन- प्रशासन और आबकारी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उनकी निष्क्रियता के कारण ये कारोबार फल फूल रहा है. अवैध कारोबारी बेखौफ होकर धंधा कर रहे हैं. स्थानीय लोगों की माने तो शिकायत करके भी कोई फायदा नहीं होने वाला है। ग्रामीणों ने प्रत्रकार को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिस दिन बाजार रहता है।उस दिन कम से कम 25 घरो में बड़ी निडरता से बिना पुलिस के डर से वे अपना घन्धा करते हैं कुछ लोगों का कहना कुछ लोगों ने बताया कि कच्ची शराब के कारोबार में संलिप्त ठेकेदार जो ये घन्धा चलाने में मददगार है। कार्रवाई के बाद भी समस्या का समाधान नहीं ।



पुलिस विभाग समय-समय पर कार्यवाही तो करती है, लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं हो पाया है.पुलिस व आबकारी विभाग विभाग की सुस्ती के कारण अवैध कारोबारी और अधिक सक्रिय हो गए हैं. महुआ की कच्ची शराब में नशीले और खतरनाक केमिकल मिलाकर बेचा जा रहा है, जिससे लोग नशे के आदी बन रहे हैं.साथ ही साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा हो रही है.हमारे मोहल्ले में हर दिन कच्ची शराब बिकती है.युवा बर्बाद हो रहे हैं, और प्रशासन कुछ नहीं कर रहा।

इस मामले में जब हमने जानकारी अधिकारी तक पहुंचाई तो हमें भी आश्वासन ही मिला. कि वे इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही ठोस कदम उठाएंगे ।

अगर प्रशासन और विभाग समय रहते ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो कान्द्रीकला क्षेत्र के हालात और बिगड़ सकते हैं.अवैध कच्ची शराब का यह कारोबार युवाओं और समाज के भविष्य को बर्बाद करने पर आमदा है. इसलिए, प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और इस अवैध धंधे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए.स्थानीय प्रशासन और जिला आबकारी विभाग की कार्रवाई पर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या कान्द्रीकला व नीलागोंदी क्षेत्र कभी कच्ची शराब के टैग से मुक्त हो पाएगा.।

# कलेक्टर की कार्रवाई से पटवारियों में रोष

### कटंगी और तिरोड़ी तहसील के पटवारियों ने एसडीएम के समक्ष रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन की 50 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की जाती है और इस दौरान शिकायतकर्ता और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समक्ष में खडा कर उनका पक्ष सुना जाता है। ऐसी ही सुनवाई विगत दिवस मंगलवार को भी की गई। जिसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम के तत्कालीन रीडर, तहसीलदार के रीडर और जराहमोहगांव के पटवारी शिवेंद्र तिवारी को निलंबित करने के निर्देश दिये है। इसी तरह की एक सुनवाई में कलेक्टर ने पहले ही तिरोड़ी तहसील के पटवारी तपेश मेश्राम को निलंबित किया था। कलेक्टर की इस कार्रवाई के बाद पटवारियों में रोष व्याप्त है। जिसके चलते कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के सभी पटवारियों ने एसडीएम के.सी.ठाकुर से मुलाकात की और



कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। पटवारियों का कहना है कि उनका पक्ष सुने बगैर कार्रवाई हो रही है जिससे उनका मनोबल कमजोर हो रहा है। एसडीएम ने पटवारियों से कहा कि आगामी 07 फरवरी को कलेक्टर कटंगी आ रहे है उनके समक्ष वह अपनी बातों को रखें। गौरतलब हो कि कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन की 50 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की जाती है और इस दौरान शिकायतकर्ता और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समक्ष में खडा कर उनका पक्ष सुना जाता है। इसी कड़ी में 03 फरवरी को 100 दिनों से अधिक की लंबित 10 शिकायतों की कलेक्टर के समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर 03 कर्मचारियों को निलंबित करने, 03 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 01 कोटवार को पद से पृथक करने के निर्देश दिये गए है। कटंगी तहसील के ग्राम जराहमोहगांव की हरलाल डहरवाल द्वारा अपने 01 हे. भूमि के रिकॉर्ड सुधार के लिए तहसील कार्यालय कटंगी में आवेदन दिया गया था। इस प्रकरण की समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि यह शिकायत 207 दिनों से निराकरण के लिए लंबित है। इस प्रकरण में मार्च 2025 से एसडीएम कोर्ट में पेशी नही लगाई है। तहसीलदार के रीडर द्वारा इस प्रकरण को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज भी नही किया गया है। जबकि इस प्रकरण में विधिवत कार्यवाही की जाती तो इस प्रकरण का सुगमता से निराकरण हो जाता और हितग्राही की शिकायत सीएम हेल्पलाइन से बंद हो जाती।

# खिलिया मुठिया देवस्थल से ऑटो हटाए जाने का चालकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बस स्टैंड के पास स्थित खिलिया मुठिया देवस्थल से ऑटो स्टैंड हटाए जाने का विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को यातायात विभाग के इस निर्देश को लेकर ऑटो चालकों ने नाराजगी व्यक्त की।

यातायात थाना प्रभारी ने बस स्टैंड के विस्तारीकरण का हवाला देते हुए खिलिया मुठिया के सामने से ऑटो स्टैंड हटाकर इसे कोर्ट के पास खाली भूमि पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। ऑटो चालकों का आरोप है कि उन्हें बस मालिकों के कहने पर परेशान किया जा रहा है।



इस निर्देश के विरोध में ऑटो चालकों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने ऑटो स्टैंड को यथावत रखने की मांग की।

ऑटो चालकों का प्रतिनिधित्व कर रहे आप नेता सूरज सोनवाने ने बताया कि शहर में ऑटो स्टैंड के लिए अब तक कोई स्थायी जगह निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार मनमर्जी से ऑटो स्टैंड को अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित किया जाता है। पिछले 10 सालों से ऑटो स्टैंड खिलिया मुठिया देवस्थल पर संचालित हो रहा था।

सोनवाने ने यह भी कहा कि बस स्टैंड की व्यवस्था को लेकर कोई नियम तय नहीं किए जा रहे हैं। उनके अनुसार, बस मालिक बसों को घंटों तक खड़ा रखते हैं और वहीं धोते भी हैं, जबकि उनके पास बसों को रखने का कोई साधन नहीं है।

ऑटो चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि ऑटो स्टैंड को यथावत नहीं रखा गया तो वे आंदोलन करेंगे। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे प्रशासन को अपने ऑटो की चाबियां सौंपकर जीवनयापन की व्यवस्था करने का अनुरोध करेंगे।

### खैरलाजी में आज से तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**खैरलांजी।** प्रतिवर्षानुसार खैरलांजी तहसील मुख्यालय में ज्ञायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 कुण्डली गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ आज 6 जनवरी शुक्रवार से होगा । जिसका समापन 8 जनवरी किया जाएगा। बताया गया की इस अवसर पर रूपरेखा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित होगा। रगोंली प्रतियोगिता , विशाल कलश यात्रा , विधी विधान अनुरूप पूंजा-पाठ एंव मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा ,महायज्ञ, और समापन के दिन महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान श्रदालुगंण मौजूद रहेंगे।

### कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

# शासकीय हाई स्कूल सिर्रा ने मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड वारासिवनी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सिर्रा में शाला परिवार द्वारा वार्षिक उत्सव मनाया गया। साथ ही कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती संगीता निकुसे ने की। अतिथि के रूप में जनपद प्राथमिक शाला सिर्रा से सेवानिवृत हुए शिक्षक गजानंद सूर्यधर , शासकीय हाई स्कूल सिर्रा से अन्यत्र स्थानांतरित (उच्च पद प्रभार) शिक्षक प्रदीप पटले व विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष चिंतामन राणा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती माता एवं भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। इसी कड़ी में जनपद प्राथमिक शाला सिर्रा के सेवानिवृत शिक्षक गजानंद सूर्यधर को पेन डायरी एवं मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। ज्ञातव्य हो कि श्री सूर्यधर ने अपने संपूर्ण सेवाकाल (39 वर्ष,7 माह,3 दिन) में ग्राम सिर्रा के ही स्कूल में सेवाये दिए हैं। साथ ही शासकीय हाई स्कूल सिर्रा से स्थानांतरित(उच्च पद प्रभार) शिक्षक श्री प्रदीप पटले को भी पेन डायरी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कक्षा दसवीं के सभी विद्यार्थियों को पेन भेंट कर आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दी गई। शाला परिवार द्वारा कक्षा दसवीं के छात्रों हेतु विविध वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मिस फेयरवेल कु. श्यालू रोकड़े एवं मास्टर फेयरवेल जय पंचेश्वर ने अपने नाम किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रिकॉर्डिंग गीतों पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं लघुनाट्य की प्रस्तुति दी गई तथा शाला के शिक्षक प्रमोद घोड़ेश्वर द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि उद्बोधन के पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन में शाला की प्राचार्य श्रीमती संगीता निकुसे ने आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विद्यार्थियों कोआशीष दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शाला के शिक्षक शैलेंद्र पटले ने किया एवं कार्यक्रम में पधारे अतिथियो, ग्रामीण जनों एवं उपस्थित जनों का आभार शाला के शिक्षक नंदलाल तामेश्वर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक गण प्रमोद घोड़ेश्वर, ललित भोयर, अशोक मुंडेसर, शैलेंद्र पटले, नंदलाल तामेश्वर, रोशन लाल, बरेले, ओमेश्वरी पटले, पूनम पटले, पायल सहारे, छात्र संगठन से शाला नायक प्रिंसी पटले एवं समस्त छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका रही।



# जिले में 07 फरवरी से शुरू होगा समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए किसान 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय सीमा में अपना पंजीयन करा लें। किसानों के पंजीयन के लिए जिले में 23 केन्द्र बनाये गये हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्यं पर गेहूँ उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में किसानों के पंजीयन हेतु 23 केंद्र निर्धारित किये गए है। बालाघाट तहसील में सेवा सहकारी समिति बालाघाट/जरेरा, सेवा सहकारी समिति चांगोटोला-गुडरू, विपणन सहकारी समिति टाकाबर्रा-लामता, कटंगी तहसील में वृत्ताकार सेवा सहकारी संस्था कटंगी/बनेरा, तिरोडी तहसील में सेवा सहकारी समिति कटेदरा/धनकोषा, किरनापुर तहसील में सेवा सहकारी समिति बडगांव, खैरलांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति आरंभा व खैरलांजी, परसवाडा तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाडा, बघोली/चंदना-उकवा, बैहर तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर व परसामउ, बिरसा तहसील में सेवा सहकारी समिति मानेगांव, दमोह, सालेटेकरी, लांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति लांजी, लालबर्रा तहसील में सेवा सहकारी संस्था लालबर्रा/ददिया, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबंदी एवं वारासिवनी तहसील में सेवा सहकारी संस्था वारासिवनी व डोंगरमाली में पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिले के किसान इन केंद्रो पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए शुल्क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इन ऑनलाईन पंजीयन केंद्रो पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाने के निर्देश दिये गए है। पंजीयन के लिए किसान को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं फोटो पहचान पत्र लेकर जाना होगा।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के सुचारू रूप से संचालन एवं किसानों को पंजीयन एवं उपार्जन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय की खाद्य शाखा बालाघाट के कक्ष क्रमांक 223 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार मो.नं. 8461097747, कम्प्युटर ऑपरेटर सुश्री जैशमीन खान मो.नं. 9340471192 एवं श्री योगेश डहरवाल मो.नं. 8319186278 की ड्यूटी लगायी गई है। यह कंट्रोल रूम अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10:30 से सायं 06 बजे तक खुला रहेगा।

किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

# औद्योगिक व रासायनिक दुर्घटनाओं से निपटने जिला स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 02 फरवरी को होमगार्ड लाइन बालाघाट में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा रिस्पोंस टीम के अंतर्गत औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटनाओं से राहत एवं बचाव को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य औद्योगिक दुर्घटना के समय पूर्व तैयारी, राहत एवं बचाव की तकनीकों तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना रहा।



कार्यक्रम में मॉयल भरवेली, नगरपालिका विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन (एस.डी.ई.आर.एफ.) टीम द्वारा दुर्घटना के पूर्व एवं पश्चात की जाने वाली तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया, घायलों के उपचार एवं सुरक्षित निकासी की प्रक्रियाओं को मॉक ड्रिल के माध्यम से विस्तार से समझाया गया।

मॉक ड्रिल के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राहत शाखा श्री प्रदीप कुमार कौरव, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट आपदा प्रबंधन (एस.डी.ई.आर.एफ.) बालाघाट श्रीमती रजनी खटीक, नगर पालिका के सुरक्षा अधिकारी कमालाकर चौधरी सहित पुलिस, वन विभाग, शासकीय जिला चिकित्सालय बालाघाट एवं सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 50 अधिकारी, कर्मचारी एवं सिविल डिफेंस सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर श्री श्याम सिंह धुर्वे, एएसआई श्री महेश कुमार उइके, हवलदार श्री मनोज कुमार देशमुख सहित एस.डी.ई.आर.एफ. एवं सिविल डिफेंस के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मॉक ड्रिल का सफल आयोजन कर आपदा की स्थिति में समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और मजबूत किया गया।